एक नजर में

फाग उत्सव का हुआ आयोजन, मंडलियों ने दी भव्य प्रस्तुतियां

मोहखेड़। ग्राम पंचायत रंगारीतलाब के बांढा गांव में उपसरपंच अर्जुन पटेल के निज निवास फाग उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के अलावा कई ग्रामों की मंडलियों द्वारा फाग गायन समेत अन्य मनमोहक आनंदित प्रस्तुतियां दी गयी. फाग उत्सव में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली मंडलियों को पुरूस्कार भी दिए गये.साथ ही महाप्रसाद वितरण किया गया। अर्जुन पटेल ने बताया गया कि इस फाग प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नगर में हमारी संस्कृति को सामने लाना एवं फाग व गायन कला को प्रोत्साहित करना है।

नवांकुर संस्था वसुंधरा वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित
प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

मोहखेड़। प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के अन्तर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सेक्टर क्र.01(मोहखेड़) की नवांकुर संस्था वसुंधरा वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा प्रस्फुटन समितियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम स्वराज्य भवन-महलपुर में आयोजित किया गया। ब्लाक समन्वयक भवानी प्रसाद कुमरे ने परिषद की अवधारणा,योजनाओं और प्रस्फुटन समितियों के कार्यों के बारे में विस्तार से प्रतिभागियों को अवगत कराया समग्र ग्राम विकास की अवधारणा के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि आदर्श ग्राम का निर्माण करने के लिए सर्वप्रथम व्यक्ति काआचरण, व्यक्तित्व, नि :स्वार्थ भावना होना आवश्यक है। प्रस्फुटन समितियां समग्र ग्राम विकास की अवधारणा को ध्यान में रखकर सभी को साथ लेकर आदर्श स्थापित करें । परामर्शदाता कैलाश सोनेवार ने जन अभियान परिषद की परिकल्पना के प्रमुख आयाम स्वैच्छिकता,सामूहिकता एवं स्वावलंबन को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बतलाया, उन्होंने योजनाएं- प्रस्फुटन,नवांकुर,सृजन एवं सीएमसीएलडीपी के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर आंगतुक अतिथि भूतपूर्व सरपंच श्री गनाजी पवार,ब्लाक समन्वयक भवानी प्रसाद कुमरे एवं नवांकुर प्रतिनिधियों के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में मेंटर्स श्रीमति आरती माटे,नवांकुर संस्था-वंसुधरा वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष रोशन विसेन,सचिव विशाल सोनी,सदस्यों में राजकुमार सोंलकी, मुकेश कालभूत, नवांकुर सखी श्रीमति स्नेहा साहू,श्रीमति कल्पना पवार,श्रीमति प्रियंका सोनी सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति शक्करझिरी से प्रकाश भादे, खापानियर से राजेन्द्र भादे,नगर विकास प्रस्फुटन समिति मोहखेड़ से हरिओम साहू,डॉ. सोयल खान,महलपुर से अनिल पाठक,देवगढ़ से पंकज गाडरे,मुकेश पाठे,अंकेश पाठे आदि उपस्थित रहे।

नवभारत तामिया

नरवाई प्रबंधन और उर्वरक ई - वितरण प्रणाली
पर कार्यशाला का आयोजन

तामिया। तामिया के जनपद सभागार में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जुन्नारदेव कामिनी ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न की गई । एक दिवसीय कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र देलाखारी के कृषि वैज्ञानिक डॉ एस के अहिरवार, अनुविभागीय अधिकारी (कृषि) परासिया प्रमोद सिंह उट्टी, तहसीलदार तामिया संजय मसराम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तामिया योगेश उईके सहित समस्त मैदानी अमले में पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी, सचिव, रोजगार सहायक, वनरक्षक, ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर, उद्यान विस्तार अधिकारी, सहायक विपणन एवं निजी कृषि आदान विक्रेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मचारियों को बताया गया कि नरवाई का प्रबंधन किस प्रकार करना है किस से पर्यावरण और मिट्टी को बचाना है । कार्यशाला में एसडीएम मैडम जुन्नारदेव द्वारा समस्त मैदानी अमले को निर्देशित किया गया कि सभी को नरवाई प्रबंधन एवं ई- विकास प्रणाली को अच्छी तरह समझकर जमीन स्तर पर कार्य करें एवं ग्रामीण स्तर के किसानों को नरवाई प्रबंधन के लाभ- हानि से अवगत करायें एवं ई-विकास प्रणाली को अच्छे से क्रियान्वित करें, कृषि वैज्ञानिक डॉ अहिरवार ने सभी को नरवाई प्रबंधन एवं रासायनिक उर्वरकों का प्रबंधन कर मिट्टी के सदुपयोग के तरीके बताएं एवं नरवाई प्रबंधन करके मिट्टी में जीवाश्म बढ़ाने के बारे में तकनीक मार्गदर्शन दिए और सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर के साथ- साथ अन्य सहयोगी यंत्र का प्रयोग करके प्रबंधन करने की सलाह दी । अनुविभागीय अधिकारी कृषि परासिया ने उर्वरक वितरण ई-विकास प्रणाली तकनीकी जानकारी एवं माह अप्रैल से उर्वरक के अग्रिम उठाओ की जानकारी दी गई एवं तहसीलदार तामिया द्वारा नरवाई प्रबंधन एवं फार्मर आईडी पर विशेष ध्यान देने हेतु पटवारियों को सलाह दी एवं किसान द्वारा स्वयं खेत में नरवाई जलाई जाती है तो भूमि मालिक पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत अर्थदंड स्वरूप 2 एकड़ से कम क्षेत्र में रुपया 2 हजार, दो एकड़ से 5 एकड़ से कम तक 5 हजार और 5 एकड़ से अधिक पर 15 हजार का जुर्माना एवं न्यायिक कार्यवाही की जाएगी ।

भूमि विवाद को लेकर राजस्व विभाग और वार्डवासी आमने-सामने

नवभारत न्यूज

परासिया, 18 मार्च, नगर के वार्ड क्रमांक 15 और 16 में जमीन के मालिकाना हक को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि राजस्व विभाग को सीमांकन के दौरान पुलिस बल बुलाना पड़ा। मामला खसरा नबर 333, 360 और 361 से जुड़ा हुआ है। जानकारी के अनुसार, वाडिवा परिवार ने खसरा नंबर 333 और 360 को लेकर न्यायालय में याचिका दायर की थी। इसी के आधार पर अनुविभागीय न्यायालय परासिया ने 18 मार्च को सीमांकन के आदेश दिए थे।

बुधवार को जब राजस्व विभाग की टीम मौके पर सीमांकन करने पहुंची, तो स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। उनका कहना है कि वे पिछले लगभग 50 वर्षों से खसरा नंबर 361 में निवास कर रहे हैं और उन्होंने यह जमीन विधिवत खरीदी है, जिसकी रजिस्ट्री भी उनके पास मौजूद है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सीमांकन आदेश केवल खसरा नंबर 333 और 360 के लिए था, लेकिन राजस्व टीम खसरा नंबर 361 का भी सीमांकन करने लगी, जो कि गलत है। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया, लेकिन समझाइश के बाद भी मामला शांत नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि सीमांकन टीम को मुनारा (सीमा चिन्ह) के आधार पर काम करना था, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद मुनारा नहीं मिल पाया। इसके कारण सीमांकन प्रक्रिया और भी विवादों में फंस गई। वहीं, स्थानीय निवासियों ने प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। बहरहाल मामला अधर में है। अब देखना होगा कि प्रशासन आगे क्या कदम उठाता है और क्या इस विवाद का समाधान न्यायालय या आपसी सहमति से हो पाता है!

समर कैंप बच्चों ने दिखाया दमखम

नवभारत न्यूज

परासिया, 18 मार्च, चांदमेट्टा स्थित स्कूल में 13 से 18 मार्च 2026 तक आयोजित समर कैंप का सफलतापूर्वक समापन हुआ। 6 दिवसीय समर कैंप में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ भाग लिया। समर कैंप के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें इंडोर गेम्स, क्लासिकल डांस, जुम्बा, योगा तथा आर्ट एंड क्राफ्ट प्रमुख रहे। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने न केवल मनोरंजन किया बल्कि अपनी प्रतिभा का भी शानदार प्रदर्शन किया।

विद्यालय के शिक्षकों ने भी पूरे उत्साह के साथ कैंप में सहभागिता निभाई और बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उनकी सक्रिय भागीदारी से कैंप का माहौल और भी जीवंत हो गया। विद्यालय के प्राचार्य सुधीर मिश्रा ने भी इस आयोजन में विशेष रुचि दिखाई और समय-समय पर उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। समर कैंप के समापन पर बच्चों के चेहरों पर खुशी और नई सीख का उत्साह स्पष्ट रूप से देखा गया। यह आयोजन विद्यालय के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव रहा।

6-7 एकड़ में भीषण आग, किसानों की मेहनत राख

नवभारत न्यूज

बटकाखापा, 18 मार्च, हर्रई जनपद के बटकाखापा क्षेत्र के डबुआढ़ाना गांव में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते लगभग 6 से 7 एकड़ में खड़ी फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई।

जानकारी के अनुसार, इस आगजनी में गांव के पीड़ित किसान मनोहर, उमेश, हरिओम और दिनेश डेहरिया की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। किसानों ने बताया कि आग अचानक भड़क उठी और तेज हवाओं के कारण तेजी से फैलती चली गई, जिससे बचाव का मौका ही नहीं मिला। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग और पुलिस विभाग मौके पर पहुंचे। राजस्व विभाग के पटवारी द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की गई और नुकसान का आकलन शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि समय पर फायर ब्रिगेड पहुंच जाती तो काफी हद तक फसल को बचाया जा सकता था। क्षेत्र में दमकल व्यवस्था की कमी एक बार फिर उजागर हुई है। 6-7 एकड़ फसल जलकर पूरी तरह नष्ट , कई किसानों को भारी आर्थिक नुकसान ,अज्ञात कारणों से लगी आग ,मौके पर पहुंचा प्रशासन, पंचनामा कार्रवाई जारी ,फायर ब्रिगेड की अनुपस्थिति पर ग्रामीणों में नाराजगी, ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए और क्षेत्र में स्थायी रूप से फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से समय रहते निपटा जा सके।

सांसद बंटी विवेक साहू ने किया कल्याणी विश्वकर्मा का सम्मान

छिंदवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू ने बुधवार को सांसद कार्यालय में राष्ट्रीय कराटे चैम्पियन कल्याणी विश्वकर्मा का सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में 5वीं सीनियर राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था, जिसमें कल्याणी विश्वकर्मा ने प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर 21 वर्ग में स्वर्ण पदक और सीनियर वर्ग में 2 कास्य पदक जीते थे। कल्याणी विश्वकर्मा का आगामी दिनों में आयोजित होने वाली दक्षिण एशियाई और राष्ट्रमंडल कराटे चैम्पियनशिप के लिए भी चयन कर लिया गया है। कल्याणी विश्वकर्मा की इस उपलब्धि पर सांसद बंटी विवेक साहू ने खुशी जाहिर करते हुए जहां उनका सम्मान किया वहीं उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती गरिमा प्रतीक दामोदर और परिवारजन प्रमुख रूप से उपस्थित थें।

परासिया नपा अध्यक्ष विनोद मालवीय से छीने गए वित्तीय अधिकार

एसडीएम परासिया के हस्ताक्षर से होंगे अब भुगतान

नवभारत न्यूज

परासिया, 18 मार्च, मध्यप्रदेश शासन ने महिला संबंधी अपराधों और अन्य गंभीर मामलों में फंसे नगरपालिका परिषद डोंगर परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय से वित्तीय अधिकार छीन लिए हैं। अब उन्हें केवल नाममात्र का अध्यक्ष माना जाएगा। 18 मार्च को नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मंत्रालय भोपाल से जारी आदेश में उपसचिव प्रमोद कुमार शुक्ल ने स्पष्ट किया है कि मालवीय के खिलाफ दर्ज आपराधिक प्रकरणों और लोकायुक्त में लंबित मामलों को देखते हुए उनका वित्तीय अधिकारों का उपयोग करना लोकहित में उचित नहीं है।

आदेश के अनुसार, अब नगरपालिका से जुड़े सभी वित्तीय कार्यों और भुगतान के लिए चेक एवं इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर पर हस्ताक्षर का अधिकार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) परासिया को सौंप दिया गया है। बताया गया है कि विनोद मालवीय के विरुद्ध थाना परासिया में अपराध क्रमांक 42/2026 के तहत धारा 79 बीएनएस और 67 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है, जो वर्तमान में जांचाधीन है। इसके अलावा थाना चांदामेटा में भी उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत एक अन्य प्रकरण दर्ज है, जिसमें एससी/एसटी एक्ट की धाराएं भी शामिल हैं। मालवीय 18 फरवरी से 11 मार्च तक जिला जेल छिंदवाड़ा में निरुद्ध रह चुके हैं। इसके साथ ही लोकायुक्त कार्यालय में उनके खिलाफ दो प्रकरण (क्रमांक 542/ई/2025-26 एवं 568/ई/2025-23) भी दर्ज हैं, जिनमें गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप हैं। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए राज्य शासन ने मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह निर्णय लिया है। सनद रहे कि परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय को भारतीय जनता पार्टी द्वारा पुर्व में ही पार्टी से निष्कासन कर दिया गया है।

उपसंचालक ने फसल विविधीकरण किसानों ने लगाया सुरजमुखी, शकरकंद, चुकंदर, गेंदा का टीम ने किया भ्रमण

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 18 मार्च, किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत बुधवार को उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह, प्रमुख वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र चंदनगांव डॉ. आर के झाडे, कृषि वैज्ञानिक श्रीमति रिया ठाकुर एवं कृषि अधिकारियों की टीम द्वारा ग्राम चारगांव कर्बल में प्राकृतिक खेती करने वाले खेतो का भ्रमण किया गया, जिसमें ग्राम के किसान रघुवर भादे के खेत मे लगी सूरजमुखी, शकरकंद, चूचुकंदर, गेंदा, जैविक मक्का फसल एवं बायो रिर्सोस सेंटर का अवलोकन किया गया।

किसान द्वारा लगभग 6 माह पहले प्लान करके नवरात्रि के समय में गेंदा निकालने हेतु रोपाई कर दी गई थी, जिसके परिणाम स्वरूप आज किसान का गेंदा फूल 50 रूपये प्रति किग्रा. की दर से बिक रहा है। नवरात्रि के समय में शकरकंद की भी अधिक मांग रहती है, जिससे किसान को अच्छा मुनाफा प्राप्त हो रहा है। ग्राम के किसान शिवलाल भादे के खेत में गेंदा के साथ अंतरवर्तीय फसल के रूप में पर्रास की फसल लगाई गई हैं, जिससे किसान अच्छी आमदानी प्राप्त कर रहे है। साथ ही किसान बालकराम भादे के द्वारा जैविक प्राकृतिक रूप से उन्नत तकनीक के साथ चुकंदर की खेती की जा रही हैं।विकासखंड मोहखेड के राजाभोज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा क्षेत्रीय किसानों को उन्नत खेती हेतु तकनीकी मार्गदर्शन एवं गुणवत्ता युक्त बीज उपलब्ध कराये जा रहे हैं।भ्रमण के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मोहखेड डी एस घाघरे, कृषि विस्तार अधिकारी बी एल सरयाम, पंकज पराडकर,, कृषक सखी श्रीमति प्रियंका सोनी, कृषक सहसराम भादे एवं ग्राम के कृषक उपस्थित रहे।

नटनी माई क्षेत्री सेवा समिति ने किया बैठक का आयोजन

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 18 मार्च, विश्व में चल रही तनाव की स्थिति को देखते हुए क्षेत्र की परोपकारी नटनी माई क्षेत्रीय सेवा समिति ने मंगलवार को आवश्यक बैठक का आयोजन किया जिसमें विश्व पटल पर चल रही चिंता जनक स्थिति को देखते हुए नवरात्र में मां जगत जननी मां नटनी माई से विश्व शांति की आराधना/प्रार्थना किये जाने व 31 मार्च को मातेश्वरी जगतदेव मंदिर अमरवाड़ा में 250 सदस्यों द्वारा हवन पूजन का निर्णय लिया गया।

समिति संरक्षक बालकिशन साहू जी ने बताया कि मां कृपालु है और विश्वव्यापी हैं मां की कृपा से सबकुछ संभव हैं। हमारे सनातन धर्म में आस्था का बहुत बड़ा महत्व है। भारतीय संस्कृति में देवी-देवताओं को प्रमुख स्थान प्राप्त है हमें मां जगत जननी पर पूर्ण विश्वास है कि हमारी प्रार्थना स्वीकार करेंगी और जन जन को परेशानियों से मुक्ति मिलेगी वहीं नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति तिवारी योग प्रशिक्षिका ममता तिवारी ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए विश्व शांति की कामना से धर्मनगरी अमरवाड़ा में पहली बार 250 महिलाओं द्वारा मातेश्वरी जगतदेव मंदिर अमरवाड़ा में सुहागले पूजन कर मां ओसान माई से कामना की जायेगी। इस अवसर पर समिति संस्थापक राधेश्याम सोनी संरक्षक बालकिशन साहू कोषाध्यक्ष गणेश साहू, श्याम चौरसिया, धनराज सिंह चंदेल, सुमेर साहू, श्री डेहरिया, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया,गोलू नामदेव श्रीमती प्रीति तिवारी नगर पालिका अध्यक्ष, श्रीमती गौरा मंडावी,ममता तिवारी योग प्रशिक्षिका, राधारानी राजपूत, लता राजपूत उमा सोनी, नविता चौरसिया पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंजली नेमा, नेहा नेमा, अनारकली डेहरिया सहित अन्य उपस्थित थे।

जगदेव मंदिर में कलश स्थापना के साथ नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ रूपों की होगी पूजा-अर्चना

निरंतर समिति सदस्यों के द्वारा मंदिर के सामने शत चंडी यज्ञ की शुरुआत होने जा रही

नवभारत न्यूज

अमरवाड़ा, 18 मार्च, मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना का महापर्व चैत्र नवरात्र की शुरुआत से होने जा रहा हैंजिसको लेकर मातेश्वरी मंदिर समिति के समस्त सदस्य तैयारी में विगत महीनों से जुटे इस बार चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से शुरू होगी और 27 मार्च को रामनवमी का पर्व मनाया जायेगा.

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च को और नवमी 27 मार्च को पड़ने के कारण इस बार वासंतिक नवरात्र पूरे नौ दिनों का होगा. धार्मिक मान्यता के अनुसार, इन दिनों मां दुर्गा पृथ्वी पर आती हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं. इस बार मां दुर्गा की सवारी डोली मानी जा रही है. नवरात्र के पहले दिन प्रतिपदा तिथि से ही नववर्ष की शुरुआत होती हे घटस्थापना यानी कलश स्थापना की जाती है, जिसे नवरात्रि पूजा की शुरुआत माना जाता है. घरों और मंदिरों में विधि-विधान से कलश स्थापित कर मां दुर्गा का आह्वान किया जाता है. मातेश्वरी जगटतदेव मंदिर की पंडा बाबा लक्ष्मी भूरी यादव ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार कलश स्थापना एवं मा चंडी यज्ञ किया जाना है इसमें अनेकों किलोमीटर से दूर श्रद्धालु पहुंचकर सम्मिलित होते हैंनवरात्रि देवी दुर्गा की पूजा-आराधना और शक्ति की उपासना का पर्व है. इसमें नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है. इस बार नवरात्र 19 मार्च गुरुवार से आरंभ हो रहा है और उसी दिन ब्रह्म योग भी बन रहा है.चैत्र नवरात्र को लेकर शुरू हुई तैयारियां चैत्र नवरात्र को लेकर जिले में घर-घर तैयारियां शुरू हो गयी हैं. श्रद्धालु मनोकामना पूर्ति, स्वास्थ्य और मंगलमयी जीवन की कामना के साथ विभिन्न मंदिरों में आस्था के दीप जलायेंगे. शहर के बाजारों में भी नवरात्र की रौनक दिखने लगी है. भक्त माता के श्रृंगार के लिए चुनरी, मुकुट व अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं. नवरात्र के दौरान कई श्रद्धालु नौ दिनों तक व्रत रखते हैं और एक समय फलाहार ग्रहण करते हैं. इसके लिए बाजारों में तरह-तरह की फलाहारी सामग्री उपलब्ध है. आचार्यों के अनुसार, नवरात्रि के नौ दिनों में दुर्गा सप्तशती का पाठ करना अत्यंत शुभ माना जाता है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड छिन्दवाड़ा

//निविदा आमंत्रण सूचना//

निविदा जारी करने का दिनांक 16.03.2026

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://WWW.mptenders.gov.in पर आमंत्रित है निविदाओ हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड/क्रय करने की दिनांक 16 मार्च 2026 समय 3.30 बजे से प्रारंभ है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है कार्य का नाम खंड छिंदवाडा अधीन विकासखंड चौरई ग्रामो की नलजल योजनाओं में जल जीवन मिशन अंतर्गत / बसाहटो तथा अन्य मदों में 150 मि.मी. व्यास के साधारण 180 मी. गहरे सफल नलकूप का खनन, जल आवक क्षमता की जॉच नलकूप के जल परीक्षण, सहित सम्पूर्ण कार्य (BOQ) के अनुसार।

ई-टेंडर आईडी क्रं.	निविदा क्रमांक दिनांक	विकास खंड	नलकूप की संख्या	अनु. लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि रूपए	निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपए	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि समय	निविदा खोलने की नियत दिनांक	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने समय अवधि
2026-PHED-491294-1	73/25-26 dt 16.03.2026	चौरई	15	21.60	43200	5000	25.03.2026 5.30 PM	26.03.2026 5.30 PM	नवीन केन्द्रीकृत पद्धति में पंजीकृत	30 दिन

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त बेवसाइड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही क्रय किए जा सकते है।

विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित बेवसाईड पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
छिंदवाडा म.प्र.

G-27559/25